S.T.D. 0581
☎ 2527263, 2521122
2527282, 2523378

# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

बरेली - 243 006 (भारत)
BAREILLY-243 006 (INDIA)

पत्रांक : रू.वि./पं.नि.का./2025/ 1422-32

दिनांक : 22.12.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के एन.ई.पी. 2020 से आच्छादित सेमेस्टर प्रणाली के स्नातक स्तर पर एवं सामान्य सेमेस्टर प्रणाली के प्रथम सेमेस्टर के मुख्य परीक्षा तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एन.ई.पी. 2020 एवं सामान्य सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत अन्य पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र **(स्नातक/स्नातकोत्तर-समस्त प्रथम सेमेस्टर)** दिनांक 12.12.2025 से समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन भरवाये जा रहे हैं तथा जिसकी अन्तिम तिथि 22.12.2025 निर्धारित है, उक्त तिथि को निम्नानुसार विस्तारित किया जाता है :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि | - | 12.12.2025 |
| 2. | छात्र द्वारा परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | - | 31.12.2025 |
| 3. | छात्र द्वारा परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि | - | 01.01.2026 |
| 4. | महाहिविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र सत्यापित करने की अन्तिम तिथि | - | 02.01.2026 |

आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाईट **mjpru.samarth.edu.in** पर उपलब्ध होगें। छात्र निर्धारित परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग इत्यादि के माध्यम से शुल्क जमा कर सकेगें। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि अनुदानित महाविद्यालयों में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम/विषयों के अर्न्तगत लिया जाने वाला विकास शुल्क रू. 500/- समर्थ टीम द्वारा ऑनलाईन लिये जाने में असमर्थता व्यक्त किये जाने के कारण सम्बन्धित अनुदानित महाविद्यालयों द्वारा अपने छात्रों से एकत्र कर एक मुश्त ड्राफ्ट के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।

कृपया उपरोक्त कार्यक्रमानुसार आवेदन पत्र सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करने के उपरान्त परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, सत्यापित सूची एवं विकास शुल्क का बैंक ड्राफ्ट, जो वित्त अधिकारी, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के पद नाम से देय होगा, दिनांक 03.01.2026 तक विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने का कष्ट करें।

अनुदानित महाविद्यालयों के अतिरिक्त अन्य समस्त महाविद्यालयों को परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित कर अपने पास सुरक्षित रखना है। आवेदन पत्रों को आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय द्वारा मॉगा जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रो. नवीन कुमार, सह-समन्वयक, समर्थ/आचार्य, गणित विभाग, विश्वविद्यालय परिसर बरेली।
2. डॉ. अजय यादव, सह-समन्वयक, समर्थ/सहायक आचार्य, आई.ई.टी., विश्वविद्यालय परिसर बरेली।
3. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय।
4. वित्त अधिकारी महोदय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्तानुसार अनुदानित महाविद्यालयों के बैंक ड्राफ्ट जमा करने का कष्ट करें।
5. मीडिया प्रभारी।
6. उप-कुलसचिव (परीक्षा) को इस आशय से कि कृपया उपरोक्तानुसार आवेदन पत्र जमा कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।।
7. प्रभारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर/विश्वविद्यालय बेवसाइट।
8. प्रभारी, ऑनलाईन एजेन्सी।
9. निजी सचिव-कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
10. वै.सहा. कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक